Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 03 सितंबर, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-03-september-2020

वॉटर हीरोज़ प्रतियोगिता

हाल ही में जल शक्ति मंत्रालय ने जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन जैसे महत्त्वपूर्ण विषय पर लोगों तक पहुँच बनाने के उद्देश्य से 'वॉटर हीरोज़- शेयर योर स्टोरीज़' 2.0 (Water Heroes- Share Your Stories) नाम से एक प्रतियोगिता का शुभारंभ किया है। इस कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य देश में जल संरक्षण को जनांदोलन बनाना और जल के प्रति चेतना को मज़बूत बनाना है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से पूरे भारत में जल संरक्षण से संबंधित सर्वश्रेष्ठ प्रयासों को प्रोत्साहन मिलेगा और ऐसे सभी प्रयासों को एक साथ एक मंच पर लाया जा सकेगा। पुरस्कारों पर विचार के लिये प्रत्येक माह (सितंबर, 2020 से) प्रविष्टियाँ आमंत्रित की जाएंगी। पुरस्कार के लिये प्रत्येक माह अधिकतम 10 प्रविष्टियों पर ही विचार किया जा जाएगा। प्रत्येक चयनित प्रविष्टि (Entry) को 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिये प्रतिभागियों को जल संरक्षण के क्षेत्र में अपनी सफलता की कहानी बतानी होगी, जिसमें जल संरक्षण, जल उपयोग और जल संसाधन विकास तथा प्रबंधन के क्षेत्र में उनके द्वारा किये गए प्रयास/महत्त्वपूर्ण योगदान/सर्वोत्तम प्रथाओं आदि पर लगभग 300 शब्दों का एक लेख, चित्र और एक से पाँच मिनट की एक वीडियो शामिल हैं। जल शक्ति मंत्रालय की यह प्रतियोगिता 31 अगस्त, 2021 को समाप्त हो जाएगी।

भारत और फिनलैंड के बीच समझौता ज्ञापन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भू-विज्ञान और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिये खान मंत्रालय (Ministry of Mines) के तहत भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) तथा फिनलैंड के रोज़गार और आर्थिक मंत्रालय के तहत फिनलैंड भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के बीच समझौता ज्ञापन को मंज़ूरी दी है। यह समझौता ज्ञापन भू-विज्ञान, प्रशिक्षण, खनिज पूर्वानुमान और उपयुक्तता विश्लेषण, 3D और 4D मॉडलिंग, भूकंपीय एवं अन्य भू-भौतिकीय सर्वेक्षणों आदि क्षेत्रों में दोनों संगठनों के बीच वैज्ञानिक सहयोग को मज़बूत करने में मदद करेगा। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य परस्पर आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय लाभ के लिये प्रतिभागियों के बीच भू-विज्ञान एवं खनिज संसाधन के क्षेत्रों में अन्वेषण तथा खनन को बढ़ावा देने, भू-वैज्ञानिक डेटा प्रबंधन और सूचना प्रसार पर अनुभव साझा करने हेतु एक फ्रेमवर्क (Framework) और एक मंच प्रदान करना है। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) भारत सरकार का एक प्रमुख भू-वैज्ञानिक संगठन है, जिसका मुख्य कार्य राष्ट्रीय भू-वैज्ञानिक संबंधी सूचना जारी करना तथा उन्हें अघतन करना और खनिज संसाधनों का मूल्यांकन करना है। यह भारत सरकार के खनन मंत्रालय के तहत कार्य करता है।

शेखर गवली

01 सितंबर, 2020 को पूर्व रणजी खिलाड़ी और महाराष्ट्र क्रिकेट टीम के फिटनेस कोच शेखर गवली (Shekhar Gawali) का नासिक ज़िले के इगतपुरी हिल स्टेशन में ट्रैकिंग के दौरान 45 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। शेखर गवली का जन्म 6 अगस्त, 1975 को महाराष्ट्र के नासिक ज़िले में हुआ था। 45 वर्षीय शेखर गवली ने 1990 के दशक के अंत में और 2000 के दशक के शुरुआती दिनों में महाराष्ट्र के लिये प्रथम श्रेणी में दो मैच खेले थे। शेखर गवली दाएं हाथ के बल्लेबाज और लेगस्पिनर (Legspinner) थे। वर्तमान में शेखर गवली महाराष्ट्र अंडर-23 टीम के लिये फिटनेस कोच के रूप में कार्य कर रहे थे और पिछले सीज़न में सीनियर टीम के साथ भी फिटनेस कोच की ही भूमिका में कार्य किया था।

सुमित नागल

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल (Sumit Nagal) ने यूएस ओपन- 2020 (US Open) में शानदार जीत हासिल कर पुरुषों के एकल मुकाबले के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। ध्यातव्य है कि सुमित नागल ने अपने कैरियर में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के दूसरे दौर में जगह बनाई है। 7 वर्ष बाद यह पहला मौका है जब किसी भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी ने यूएस ओपन (US Open) में कोई मैच जीता है, इससे पूर्व वर्ष 2013 में सोमदेव देववर्मन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। यूएस ओपन चार ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट में से एक है, अन्य तीन ग्रैंड स्लैम- फ्रेंच ओपन, विंबलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन हैं। ये ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (ITF) द्वारा संचालित किया जाता हैं।